## एक नजर में

### 200 महिलाएं ओंकारेश्वर दर्शन करने रवाना



**बागली।** धार्मिक नगरी बागली में प्रति माह धार्मिक आयोजन होते रहते हैं हाल ही में भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा पूरे नगर भ्रमण पर निकाली गई जिसमें बढ़-चढ़कर श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया सामाजिक कार्यकर्ता विपिन शिवहरे मित्र मंडल द्वारा सावन और भादो के महीने में समय-समय पर धार्मिक आयोजन किए जाते रहे हैं इस वर्ष भी 7 जुलाई सोमवार को बागली नगर मुख्यालय से तीन बसों के द्वारा लगभग 200 महिलाओं को ओंकारेश्वर तीर्थ दर्शन यात्रा के लिए रवाना किया। महिलाओं ने बताया कि इस धार्मिक यात्रा के दौरान कोई शुल्क नहीं लिया गया है। यात्रा को रवाना करते समय बागली नगर परिषद अध्यक्ष सीमा कमल यादव नगर परिषद उपाध्यक्ष आरती विपिन शिवहरे एवं कई धार्मिक सामाजिक श्रद्धालु इस अवसर पर उपस्थित रहे सामाजिक कार्यकर्ता विपिन शिवहरे ने बताया कि श्रावण माह में भी क्षेत्र के आसपास के शिवालय दर्शन के लिए यात्रा निकालने का प्रयास किया जाएगा गौर तलब है कि श्रवण की शुरुआत में ही धारा जी से उज्जैन तक जिले की सबसे बड़ी कावड़ यात्रा का आयोजन भी पूर्ण तैयारी की और है।

### ग्रामीण जिला अध्यक्ष चावड़ा ने किए खाटू श्याम के दर्शन



**भौरासा।** इंदौर ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा बाबा खाटू श्याम दरबार में पहुंचे दर्शन करने नेवरी फाटा पर स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर पर हजारों भक्त हर ग्यारस पर दर्शन करने पहुंचते हैं मगर देव सैनी ग्यारस पर विशेष श्रृंगार बाबा खाटू श्याम का किया गया वही भक्तों का बाबा के दर्शन हेतु सुबह 5:00 से ही भक्तों का बाबा के दर्शन हेतु लाइन लगाकर सुबह से शाम तक यही क्रम चलता रहा। इसी दौरान इंदौर ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा ने बाबा खाटू श्याम के दर्शन किए। उनका फूल माला अंग वस्त्र से समिति के सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया। सदस्य फूल सिंह पटेल विक्रम सिसोदिया राधे-राधे विजेंद्र पटेल वीरेंद्र गौड़, रूप सिंह नागर, राहुल नागर, भीम यादव, लाखन पटेल, कप्तान सिंह बड़वाया, लाखन त्रिमूर्ति, शैलेंद्र पटेल ने स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष चावड़ा ने मंदिर की पूरी विशेषता जानी। और बाबा का आशीर्वाद लिया। दिन भर भक्तों का आवागमन होता रहता है। देव शयनी एकादशी पर हजारों भक्तों ने बाबा खाटू श्याम के दर्शन किए। अधिक मात्रा में भक्त गण पधारे। एवं मन्नत पूरी होने पर फल व मिठाई से तुलादान भी किया गया। दिन में महिला मंडल के द्वारा कीर्तन किया गया। एवं रात्रि को बाबा की ज्योत जलाई गई। और महा आरती हुई। आरती के बाद संकीर्तन हुआ। जिसमें भजन गायिका अदिती तापड़िया इंदौर से भजन गायक अभिषेक व्यास देवास से पिंटू राव खुटखेड़ा ने बाबा को मीठे-मीठे भजनों से रिझाया।

### मेरे विवाह के कारण इतने पशुओं की हिंसा होगी



**सोनकच्छ।** यह संसार दो चीजों से बना है सुख है तो दुख है, पाप है तो पुण्य है, धर्म है तो अधर्म भी है ऐसे अनेक बाते संसार में समाहित हैं। लेकिन इन सब के बीच रह कर व्यक्ति ने अच्छाई और बुराई के अंतर को समझ लिया तो पुण्य से धर्म, सुख वैभव अब मिल जाएगा। लेकिन आज व्यक्ति पाप से डरता नहीं है उसे पता होने के बाद भी पाप कार्य को अंजाम दे रहा है। धर्म से बड़ा कुछ नहीं समय आने पर ऐसे व्यक्ति को पछताने के अलावा कुछ नहीं मिलता हैं। यह बात यह बात स्थानीय श्री महावीर जिनालय में चल रहे आठ दिवसीय अष्टानिका पर्व के चतुर्थ दिन प्रतिष्ठाचार्य पंडित पवन दीवान सागर ने उपस्थित भक्तों से कही उन्होंने कहा कि पूज्यपाद गुरुदेव कह रहे है कि जीवन में पुण्य नहीं करोगे तो चल जाएगा लेकिन पाप से जितना बच सको उतना अच्छा है। प्रवक्ता रोमिल जैन ने बताया कि अष्टानिका पर्व के दौरान तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ व साध्वी राजुल के ग्रस्त जीवन में विवाह व वैराग्य के दृश्य का नाटकीय मंचन किया गया। जिसे देख भक्त भाव विभोर हो गए। जिसमें कहानी के माध्यम से बताया गया कि राजुल जूनागढ़ के राजा उग्रसैन की पुत्री थी। जब राजुल शादी लायक हुई तो उसका विवाह शौर्यपुर के राजा शमुंद्र विजय के पुत्र राजकुमार नेमि कुमार के साथ होना निश्चित हुआ। जैन धर्म अनुसार नेमी कुमार श्री कृष्ण के चचेरे भाई है। निश्चित दिन दूल्हा नेमि कुमार अपनी बारात लेकर जूनागढ़ पहुंचे। उस समय राजुल बहुत प्रसन्न थी और महल से झांक रही थी। जब बारात नगर में प्रवेश कर रही थी तो नेमिकुमार ने एक साथ बहुत सारे पशुओं को एक जगह देखा व बहुत बुरी तरह रो रहे थे। नेमि कुमार ने अपने सारथी से इस दु:खद दृश्य के बारे में पूछा। सारथी ने उत्तर दिया कि इन पशुओं को बारात के भोजन के लिए मार दिया जाएगा। यह सुनकर नेमि कुमार दुखी हुए और अपने सारथी से कहा, हे सारथी! वापस जाओ मैं अब विवाह नहीं करूंगा। मेरे विवाह के कारण इतने पशुओं की हिंसा होगी... मैं आत्म कल्याण के लिए गिरनार जाऊंगा। वे गिरनार पर्वत पर दिगम्बर संत बन गए। राजुल भी उनके पीछे चली गई और वह एक साध्वी बन गई। तपस्या के बाद नेमि कुमार को केवल ज्ञान प्राप्त हुआ और वे मोक्ष चले गए। आज भी गिरनार पर्वत पर भगवान नेमिनाथ के चरण वो राजुल की गुफा दर्शन होते है। आज जिनालय में श्रीपाल मैना सुंदरी नाटक का मंचन होगा।,

### सन्नौड में महिलाओं के लिये स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**देवास।** वेलस्पन फाउंडेशन हेल्थ एंड नॉलेज और आस संस्था से ग्राम सन्नौड में लगाया स्वास्थ शिविर 07 जुलाई को वेलस्पन फाउंडेशन फॉर हेल्थ एंड नॉलेज एवं संस्था आस द्वारा पंचायत भवन सन्नोड में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें गायकॉलॉजिस्ट एम.बी.बीएस.डॉक्टर श्रेया, एम.बी.बीएस. फिजिशियन तरुण सर द्वारा लाभार्थी का चेकअप किया गया और दवाई दी गई। शिविर में 156 महिला, किशोरियों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। स्वास्थ शिविर में सीएम राइस से स्कूल शिक्षिका नीलिमा सिंह, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अर्चना परमार एवं वेलस्पन फाउंडेशन से लोकेशन लीड राहुल यादव एवं संस्था आस से प्रोजेक्ट मैनेजर जागेंद्र यादव और टीम श्वेता गौतम, संध्या परमार उपस्थिति रही।

# नकबजनी और वाहन चोरी का खुलासा, 5 आरोपी गिरफ्तार





## 9.80 लाख का माल जब्त

**देवास।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में नकबजनी और वाहन चोरी की वारदातों का पुलिस ने खुलासा करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 9.80 लाख का मशरूका बरामद किया है, जिसमें सोने-चांदी के जेवर, नकदी, चार मोटरसाइकिल और एक इको कार शामिल हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक हितेश पाटिल ने बताया कि फरियादी शैलेन्द्र कुमार द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया गया था कि वे विदेश (थाईलैंड) से लौटे तो 9 अप्रैल 2025 की रात उनके घर में चोरी हो चुकी थी। घर से सोने-चांदी के आभूषण, घड़ी और नकदी गायब मिली थी। वहीं, दूसरी रिपोर्ट चाणक्यपुरी क्षेत्र से दर्ज की गई थी, जिसमें एक मोटरसाइकिल चोरी हुई थी। पुलिस ने दोनों मामलों को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एक विशेष टीम का गठन किया। टीम ने घटनास्थलों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिरों की सूचना के आधार पर पांच आरोपियों को चिन्हित कर गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों के नाम कुशाल मुकंदे, विशाल परमार, कार्तिक बोडाना तथा दो बाल अपराधी संजय और जयंत बताए गए हैं। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने नकबजनी और वाहन चोरी की घटनाओं को स्वीकार किया।

पुलिस ने आरोपियों से चोरी गया माल बरामद किया, जिसमें सोने-चांदी के आभूषण, नकदी, बजाज पल्सर, स्प्लेंडर प्लस, बजाज सीटी 100, सुजुकी हयाते मोटरसाइकिल एक इको कार शामिल है। बरामद माल की कुल अनुमानित कीमत 9.80 लाख आंकी गई है। सभी आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना सिविल लाइन की टीम में सउनि राकेश तिवारी, प्रआर पवन पटेल, सुरेश कुमावत, आरक्षक मातादीन, अरुण चावड़ा और अन्तरसिंह परमार की विशेष भूमिका रही।

# लापता युवक का शव खेत में मिला

## सुसाइड नोट और सल्फास के रैपर बरामद

**देवास।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर उस समय सनसनी फैल गई जब आनंद नारायण पार्क कॉलोनी के सामने एक खेत में एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला। मृतक की पहचान 42 वर्षीय विनोद वर्मा निवासी आनंद नारायण पार्क कॉलोनी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, विनोद वर्मा 6 जुलाई की सुबह लगभग 6 बजे मॉर्निंग वॉक के लिए घर से निकले थे, लेकिन वे लौटकर नहीं आए। परिजनों ने आसपास तलाश की, लेकिन जब कोई पता नहीं चला तो उनकी पत्नी मोनिका वर्मा ने सिविल लाइन थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। इसके बाद 7 जुलाई को दोपहर करीब 1 बजे स्थानीय लोगों को कॉलोनी के सामने एक खेत में शव पड़ा दिखाई दिया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी हितेश पाटिल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लिया। मौके से सल्फास की गोली का रैपर और एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। पुलिस ने तत्काल एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी) टीम को बुलाकर घटनास्थल की जांच करवाई। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। थाना प्रभारी पाटिल के अनुसार, प्रारंभिक स्थिति में यह आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है, लेकिन वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल पुलिस आत्महत्या के साथ-साथ अन्य सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।



# इमाम हुसैन की याद में मनाया मोहर्रम पर्व



**लोहारदा।** क्षेत्र में मोहर्रम पर्व की परंपरा का पालन करते हुए सोमवार को लोहारदा में ताजियों का जुलूस निकाला गया। स्थानीय मुस्लिम समाज ने पूरी हर्षोल्लास के साथ इमाम हुसैन की याद में यह आयोजन किया। हर साल की तरह इस वर्ष भी ताजियों को परंपरा अनुसार एक दिन बाद विसर्जित किया गया। इससे पूर्व नगर में विभिन्न मोहल्लों से ताजिए निकले गए, ताजिये इमाम बड़े में एकत्र हुए। नगर के इरफान भाई एवं मुस्ताक भाई की तरफ से अपना स्वीट्स के एक क्विंटल लड्डू वितरित किये। एवं अंजुमन कमेटी के सदर जरदार भाई एवं सगीर नाना पार्षद की तरफ से सभी तजियेदारो एवं उस्ताजों का गर्मजोशी से स्वागत किया। एवं गया एवं मुस्लिम समाज के बड़ा परिवार द्वारा अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील मालू, नन्दकिशोर बाल्दी, सीएमओ सतीष घावरी व अन्य का साफा बांध कर स्वागत किया गया। ताजियों के स्वागत और जुलूस के दौरान मार्ग में कई स्थानों पर समाजजनों द्वारा नाश्ते व शरबत की व्यवस्था की गई।

# ताजिए ठंडे कर मोहर्रम के दस दिवसीय आयोजन का हुआ समापन

**देवास।** बिती रात मोहर्रम की 10 तारीख को सीनियर राजबाड़ा से सरकारी ताजिया पर काजी इरफान अहमद अशरफी एवं काजी नोमान अहमद अशरफी, हाजी हारुन शेख ने फातिहा खानीं की। इसके बाद जुलूस बड़ा बाजार, शालिनी रोड, तुकोगंज से नयापुरा पहुंचा। सीनियर पंचायत के सभी पंचायत के सभी ताजिये नयापुरा में रखे गए, तथा जुनियर पंचायत के सभी ताजिए सुभाष चौक पर रखे गए। नयापुरा से ताजिए रात 11.30 पर मीठा तालाब ले जाए गए और मीठा तालाब से वाहन द्वारा सभी ताजियो को कालु खेड़ी तालाब ठन्डे करने ले जाया गया। सुभाष चौक से देर रात ताजिया को जुलूस के रूप में तीन बत्ती चौराहा जयप्रकाश मार्ग



ईदगाह से गोया करबला मैदान में रखे गए, तीजा गोया करबला कमेटी द्वारा यहां तीन दिवसीय लंगर का आयोजन किया जाएगा, तथा तीन दिन के बाद सभी गोया करबला मैदान में रखे ताजियो को कालु खेड़ी तालाब में ठंडे किए जाएंगे। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी कालु खेड़ी तालाब पर नगर निगम देवास द्वारा विशेष लाइट व्यवस्था, ताजिया ठन्डे करने के लिए क्रेन वाहन व्यवस्था, तथा होमगार्ड कार्यलय से विशेष तैराक दल एवं नाव की व्यवस्था की गई थी। कालू खेड़ी तालाब पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल भी लिए मोजुद दिखाई दिए। कालु खेड़ी तालाब पर काजी नोमान अहमद अशरफी, मोहर्रम कमेटी के सदर हाजी लियाकत हुसैन मिलन, सेकेट्री तनवीर शेख नोटरी एडवोकेट सहित शईद खान अशरफी, हाजी शेरु काका एवं अन्य सदस्य गण उपस्थित थे। यहां तालाब में बिती रात क्रेन वाहन द्वारा तालाब मे ताजिओ को या हुसैन या हुसैन के नारे लगाते हुए ठन्डे किए गए, काजी नोमान अहमद अशरफी द्वारा तालाब पर फातिहा खानीं के बाद तबर्रुक वितरण किया गयाऔर मोहर्रम की 1 तारीख से 10 तारीख का दस दिवसीय आयोजन का समापन हुआ। मोहर्रम पर्व पर जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नगर निगम एवं होमगार्ड विभाग कार्यालय से काफी सराहनीय सहयोग मिलने पर काजी नोमान अहमद अशरफी एवं मोहर्रम कमेटी सदर हाजी लियाकत हुसैन मिलन सेकेट्री तनवीर शेख नोटरी एडवोकेट नइम शेख, एडवोकेट शकील खान सीरत कमेटी सदर, शईद खान अशरफी आदि ने जिला पुलिस प्रशासन एवं नगर निगम देवास तथा होमगार्ड विभाग का आभार व्यक्त किया।

# इमाम हुसैन की याद में मोहर्रम का जुलूस निकाला

## अखाड़ों ढोल ताशे के साथ कर्बला तक ले जाया गया

**सतवास।** इमाम हुसैन की शहादत में मुस्लिम समाज द्वारा मनाया जाने वाला रंजो ग़म का मोहर्रम पर्व पर मोहर्रम की दस तारीख को जुलूस निकाला गया जिसमे बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया यहां मीया परिवार द्वारा बनाये गए सरकारी ताज़िए सहित 15 ताजियों के साथ सतवास के हिन्दू मुस्लिम एकता प्रतिक मराठा परिवार द्वारा बनाया जाने वाला हाथीऔर मुस्लिम ताजियादर द्वारा बनाए गए ताज़िए,,हाथी खाना चौक और मुस्लिम मोहल्लों से निकलकर बाजार चौक पर पहुंचे वहां मौजूद सभी धर्म के पहुंच कर



लोगों ने अगरबत्ती लोबान रेवड़ी धानी चढाई बाजार चौक से घुड़िया नदी कर्बला तक पहुंचा कर्बला पहुंचने के बाद सभी ताजियों को ताजियादारों द्वारा भारी मन से कर्बला में ठंडे किए कहीं पर लोगों ने शरबत की छबील लगाई तो कहीं पर पानी पिलाया अखाड़ों के कलाकारों द्वारा हैरत अंगज करतब दिखाए गए प्रशासन भी मुस्तैद रहा और मोहर्रम पर जुलूस को शांतिपूर्ण तरीके से निकलवाया इस अवसर पर सतवास नगर परिषद अध्यक्ष प्रति निधि सतनाम सिंघ बग्गा, भाजपा सहकारी प्रकोष्ठ के लक्ष्मी कांत जोशी, सोनू दरबार, पार्षद प्रति निधि दामु राठौर, पत्रकार संजय शर्मा, हेमन्त यादव, अभिषेक पंडा सहित नगर के कई लोग शामिल थे।

# नयापुरा युवा ग्रुप ने किया अखाड़े एवं उस्तादों का सम्मान

**देवास।** नयापुरा युवा ग्रुप द्वारा नयापुरा चौराहा पर मोहर्रम की अशुरे की रात को मोहर्रम में निकलने वाले ताजियों एवं अखाडो का मोहर्रम की 7 तारीख 8 तारीख 9 तारीख के उस्ताद एवं खलीफा, बाबाओं का इस्तकबाल किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजेन्द्र राधाकिशन मालवीय सांसद प्रत्याशी, युवक कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव मनीष चौधरी, वक्फ बोर्ड पूर्व जिलाध्यक्ष शाहिद मोदी, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष जितेन्द्रसिंह मोंटू, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष एजाज नीलम, पूर्व प्रदेश सचिव शौकत हुसैन, नायता नौजवान समिति जिलाध्यक्ष हारिस गजधर, पूर्व आय.टी.सेल जिलाध्यक्ष कुदुस भाई राष्ट्रीय, वार्ड क्र 37 पार्षद वसीम हुसैन, तनवीर शेख एडव्होकेट, यूनुस सरपंच



मोहसीनपुरा, नयापुरा युवा ग्रुप के अध्यक्ष रईस कामदार, मेव समाज अध्यक्ष आरिफ मेव, सैयद शाहनवाज बाबा, बबलू उर्फ आरिफ बेग, शाकिर अली, परवेज मेव नुसरत नगर सरपंच, आशिक शेख, मकबूल शेख, एडव्होकेट सेफ शेख, शाहरूख उद्दीन शेख, अकरम दर्पण, नाजिम शेख, राजा पठान रसरंग पान, जेनुन आवेदिन भाई मोहसिनपुरा, जुनेद नूरानी, इरशाद कुरेशी, सलमान शेख, मुन्ना सरकार, एजाज शेख, आबिद उर्फ गब्बर गैस ने पांच पंजे मस्तान ग्रुप के उस्ताद गोलु बाबा, शाने इलाही अखाड़ा उस्ताद समीर शेख, पंजतन अखाड़ा इटावा उस्ताद इरफान अली, अली ए शान अखाड़ा इंदिरा नगर उस्ताद शादाब राणा, अलीशान अखाड़ा मल्हार कालोनी उस्ताद सोहेल पठान, आनंद नगर अखाड़ा उस्ताद बड्डे भाई, शहीदे जावेद अखाड़ा मोमनटोला उस्ताद समीर, खारीबावड़ी अखाड़ा फानी बाबा का उस्ताद अमन जागीदार, खारी बावड़ी इब्राहिम बाबा अखाड़ा उस्ताद आबिद शेख का अल्लाह लिखा हुआ एवं मक्का मदीना की शील्ड देकर सम्मान किया गया।

# मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री को दिया प्रतियोगिता का आमंत्रण

**देवास।** मध्य प्रदेश जुजुत्सु संघ के अध्यक्ष विजेंद्र खरसोदिया ने भोपाल स्थित कार्यालय में मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा से सौजन्य भेंट कर 11 वीं राज्य स्तरीय जू-जित्सु प्रतियोगिता का आमंत्रण दिया। संघ के अध्यक्ष विजेन्द्र खरसोदिया ने बताया कि प्रतियोगिता 18 जुलाई से 20 जुलाई 2025 तक विंग्स क्लब भोपाल में आयोजित की जा रही है एवं उन्हें प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया। उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे राज्य स्तरीय टूर्नामेंट न केवल खेल भावना को बढ़ावा देते हैं, बल्कि युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व के गुणों का भी विकास करते हैं। इस अवसर पर मध्य प्रदेश संघ से अजय कुंभकार एवं जूजित्सु संघ भोपाल के पदाधिकारी उपस्थित

# खिवनी अभयारण्य और जामनेर नदी के उद्धार व संरक्षण के लिये ईको विकास समिति ने ज्ञापन सौंपा

**कन्नौद।** केंद्रीय कृषि मंत्री एवं सांसद शिवराज सिंह चौहान को खिवनी अभ्यारण व जामनेर नदी के उद्धार व संरक्षण को लेकर कुछ बिंदुओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। पर्यावरण जागरूकता - खिवनी अभयारण्य के प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए सक्रिय पहल। नागरिक सहभागिता -सरकार के शीर्ष स्तर तक अपनी चिंताएँ रखने का ज़िम्मेदाराना तरीका अपनाते हुए ईको पर्यटन ओर अन्य माध्यम से रोजगार प्राप्ति के विषय में चर्चा की। खिवनी अभयारण्य व जामनेर नदी पारिस्थितिकी तंत्र के लिए अहम हैं, इनके उद्धार से वन्यजीव व जलस्रोत सुरक्षित होंगे



तथा जल स्तर में सुधार व वनों के संरक्षण हेतु सतत विकास - पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण आजीविका विकास के बीच संतुलन बनाने की बात कही वनों से बिना नुकसान पहुंचाए नए रोजगार जैसे सफारी गाईड, जिप्सी ड्राइवर, ग्रामीण पर्यटन, स्थानीय हस्त ओर शिल्प के माध्यम से घंटी ओर जैविक दोना पत्तल निर्माण जैसे कार्यों से अवगत कराया। वनों के विनाश से भविष्य में होने वाले फायदों में कमी ओर पर्यटन पर नकारात्मक प्रभाव ओर मनुष्य वन्यजीव के संघर्षों के बढ़ने के खतरों से न केवल एक ग्राम बल्कि समस्त क्षेत्र प्रभावित होगा, इससे अवगत कराया। देवास सहित मध्य प्रदेश के अन्य जिलों में वन सुरक्षा के दौरान शहीद हुए वनकर्मियों को यथोचित सम्मान और उनके परिवारों को दिए जाने वाले सहायता और मुआवजे को समयावधि में प्रदाय करने का निवेदन किया ताकि शहीद के परिवार को कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़े। श्री चौहान के पर्यावरण हितैषी रुख को देखते हुए, उम्मीद है कि इस मुद्दे पर गंभीर कार्रवाई होगी।

**एक नजर** 118 दिनों के लिए शयन पर श्री हरि विष्णु

# नगर भ्रमण पर निकले भगवान विट्ठल, देवशयनी एकादशी से शुरू हुआ चातुर्मास

**भौरासा।** 11 जुलाई से सावन मास में भोले भंडारी को सृष्टि का काम सौपकर 118 दिनों के लिए श्री हरि शयन करेंगे शयन का यह समय इस वर्ष देवशयनी एकादशी 6 जुलाई से देवप्रबोधिनी एकादशी 1 नवंबर तक रहेगा चातुर्मास में नगर में चारों ओर धर्म की गंगा बहेगी वही श्रावण मास में भोले की भक्ति में भक्तगण रमेगे आषाढ़ महीने के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को देवशयनी एकादशी का पर्व नगर में मनाया गया। यह दिन भगवान विष्णु को समर्पित और बेहद शुभ माना जाता है मान्यता है कि इस दिन से भगवान विष्णु क्षीरसागर में योगनिद्रा मैं चले जाते हैं और 4 महीने तक विश्राम करते हैं इस अवधि को चातुर्मास कहा जाता है जिसमें शुभ कार्य विवाह गृह प्रवेश जैसे मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हैं। नगर पुरोहित संजय जोशी बताते हैं कि वैदिक के अनुसार चातुर्मास का समय आषाढ़ शुक्ल एकादशी से कार्तिक शुक्ल एकादशी तक रहता है हिंदू धर्म में इसे अति शुभ माना जाता है मानता है कि राजा बलि को दिए गए वचन के कारण भगवान विष्णु चार महीने पाताल लोक में रहते हैं इस समय भगवान शिव सृष्टि का संचालन करते हैं इसलिए चातुर्मास में उनकी पूजा का भी विशेष महत्व होता है चातुर्मास में शिव आराधना का सावन माह 11 जुलाई से 9 अगस्त



तक रहेगा। इसी कड़ी में आज नगर में छोटे हनुमान चौक में स्थित भगवान श्री विट्ठल अपने मंदिर से बाहर सिंहासन में सवार होकर पूरे नगर में भ्रमण पर निकले यहां पिछली पीढ़ी दर पीढ़ी महाराष्ट्रीयन बंड परिवार के भालचंद्र बंड, अजय बंड, विजय बंड, सचिन बंड, संदीप बंड, विकास बंड, हेमंत बंड, स्वप्निल बंड, बंटी बंड, राहुल बंड द्वारा भगवान श्री विट्ठल के मंदिर मे पूजा की जाती है वही आज के दिन भगवान श्री विट्ठल को सिंहासन में बेठाकर नगर भ्रमण पर निकाला जाता है जो नगर की सीमाओं से लगी काकड, काकड, होते हुए प्रभात फेरी निकाली जाती है जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु बच्चे एवं महिला शामिल होते हैं नगर वासी जगह-जगह पूजन पाठ कर फरियाली वितरण करते हैं इसी कड़ी में आज चौधरी मोहल्ले में भगवान श्री विट्ठल की नगर भ्रमण के दौरान नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्याय जय सिंह राणा, आराम सिंह कुमावत के द्वारा पूजा अर्चना की गई। भंवरनाथ जी मंदिर प्रांगण में सोनकच्छ विधायक डॉ राजेश सोनकर के द्वारा भगवान श्री विट्ठल की पूजा अर्चना कर प्रसाद का वितरण किया। इसी तरह नगर परिषद उपाध्यक्ष के द्वारा केले व फरियाली मिचर का वितरण किया गया। जिसमें नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, बाबूलाल डोडिया, भगवान सिंह कामदार, नगर वसूली पटेल यशवंत सिंह राजपूत, ओमप्रकाश जायसवाल, मुकेश खत्री, कमल पटेल, मुकेश कुमावत, मौसम माली, विनायक माली, सहित लोग मौजूद रहे इसी तरह शक्ति माता मंदिर प्रांगण में जेएमडी ग्रुप शक्ति माता समिति के द्वारा सवा कुंटल खिचड़ी का वितरण किया गया वहीं खेड़े पर बाबा रामदेव समिति द्वारा केले का वितरण किया गया यह यात्रा सुबह 11 बजे शुरू हुई जो पूरे नगर का भ्रमण करते हुए शाम 5:00 बजे श्री विट्ठल मंदिर पहुंची जहां पर आरती प्रसादी वितरण कर यात्रा का समापन हुआ।